# रतलाम–जावरा



नवभारत 02

इंदौर, रविवार, 19 अप्रैल 2026


# सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी

**बाइक पास में मिली, परिजन ने जताई हत्या की आशंका**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के बाजना थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना डाबर-बाजना मार्ग पर ग्राम डाबर से करीब एक किलोमीटर दूर तेलनी नदी के पास की है, जहां शनिवार सुबह एक 35 वर्षीय युवक का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। मृतक की पहचान तेजा डोडियार पिता नाकू डोडियार, निवासी ग्राम डाबर के रूप में हुई है। शव के पास ही उसकी बाइक भी गिरी हुई मिली, जबकि घटनास्थल पर चांदी की चेन (सांकली) के टूटे हुए टुकड़े भी पाए गए हैं। मामले को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, हालांकि पुलिस अभी इसे संदिग्ध मानते हुए हर एंगल से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह राहगीरों ने सड़क से नीचे एक युवक का शव पड़ा देखा, जिसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और उसकी पहचान की। परिजनों की सूचना पर बाजना थाना प्रभारी मनीष डाबर, एसआई केसर सिंह यादव सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। साथ ही रतलाम से एफएसएल अधिकारी डॉ. अतुल मित्तल को भी जांच के लिए बुलाया गया।

पुलिस व एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर, कान और आसपास के हिस्सों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालांकि यह चोटें सड़क हादसे में लगी हैं या किसी हमले का परिणाम हैं, इसका स्पष्ट निष्कर्ष अभी नहीं निकल पाया है। जांच के बाद शव को दोपहर करीब 12 बजे पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। शाम करीब चार बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ के साथ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

**एक दिन पहले अनाज पिसाने गया था युवक**

मृतक के परिजनों ने बताया कि तेजा डोडियार 17 अप्रैल की दोपहर करीब एक बजे घर से अनाज पिसाने के लिए बाइक से निकला था। वह करीब पांच किलोमीटर दूर बाजना गया था, लेकिन इसके बाद वापस घर नहीं लौटा। परिजनों के अनुसार तेजा की पत्नी ने अपनी बहन सुगनाबाई निवासी ग्राम हेवड़ा को चांदी के जेवर—हसली और कंदोरा—दे रखे थे। बाजना में सुगनाबाई के पुत्र शांतिलाल ने ये जेवर तेजा को सौंपे थे, जिन्हें लेकर वह वापस लौट रहा था। परिजनों का आरोप है कि तेजा के पास मौजूद जेवर और उसका मोबाइल फोन मौके से गायब हैं, जबकि केवल चांदी की सांकली के टूटे टुकड़े ही वहां मिले हैं। ऐसे में उन्हें आशंका है कि लूट के उद्देश्य से उसकी हत्या की गई है। परिजनों का कहना है कि तेजा की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, इसलिए इस घटना ने उन्हें और अधिक संदेह में डाल दिया है।

# प्रिंट रेट से ज्यादा में बिक रहे कोल्ड ड्रिंक

**ठंडा पिलाकर लगाया जा रहा चूना, दुकानदार कर रहे अपनी मनमानी**

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** गर्मियों के सीजन में शीतल पेय पदार्थो की मांग तेजी से बढ़ती है। मौसम ही ऐसा है कि गला तर करने के लिए सभी बेचैन हो उठते है। पानी पीने से प्यास तो बुझती है लेकिन आधुनिकता का चोला ओढ़े युवा पीढ़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विज्ञापन कैंपेन का हिस्सा तेजी से बनते हुए नामी गिरामी कंपनियों के शीतल पेय झट से गटक जाते है।

शीतल पेयों को लेकर समय-समय पर कई प्रकार के शोध सामने आए है। जिसमें उन्हें शरीर के लिए बेहद हानिकारण माना गया है। फिर भी पूरे जिले में शीतल पेयों की मांग में कोई कमी देखने को नही मिली है। खासकर छोटे शहरों एवं कस्बाई क्षेत्रों में शीतल पेय जमकर बिक रहे है। ग्राहक दुकानदार से एक बॉटल मांगता है और गटक जाता है। बॉटल पर प्रिंट रेट कितना लिखा है अधिकतर को इससे मतलब ही नही रहता।

**बॉटल पर एमआरपी 10 रूपए बिक रहा 12 से 15 में**

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी बड़ी शीतल पेय कंपनीयों के पेय पदार्थ एमआरपी से अधिक दाम पर बेंचे जा रहे है। बॉटल पर एमआरपी 10 रूपए दर्ज है। लेकिन फुटकर विक्रेता बॉटल 12 से 15 रूपए में धड़ल्ले से बेंच रहे है। कारण वही ठंडा करने का चार्ज अलग से लगेगा। लेना हो तो लो नही तो आगे बढ़ो। अगर ग्राहक विरोध करता है तो नौबत तू-तू, मैं-मैं की आ जाती है। जिससे ग्राहक बचना चाहता है। नगर में अधिकांश दुकानों पर प्रिंट रेट से शीतल पेय अधिक दाम पर बेंचे जा रहे है। अधिकांश ग्राहकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बॉटल 8 रूपए से 10 रूपए में अलग-अलग कंपनियों की आती है जिसे नगर में 12 और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 रूपए में बेंचा जा रहा है। वही इकॉनमी पैक 28 से 35 रूपए के बीच आता है वह 40 रूपए तक बाजार में मिल रहा है।

**दुकानदारों को नहीं है भय :** दुकानदारों को प्रशासन का कोई भय नही है वह मनमाने रेट पर शीतल पेय पदार्थ बेंच रहे है। वही केवल शीतल पेय पदार्थ ही नही आईस्क्रीम एवं दूध भी प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बेंचा जा रहा है। हालात यह है कि पेय पदार्थ हो या खाद्य सामग्री न तो वजन सही मिलता है और ना ही दाम। उपभोग करने के चक्कर में मजबूरी वश ग्राहक स्वयं को ठगा महसूस कर रहा है। वहीं प्रशासन की अनदेखी से दुकानदारों के हौसले भी बुलंद है और वह मनमाने दामों पर खाद्य एवं पेय पदार्थ बेंचकर भारी मुनाफा कमा रहे है।

**संबंधित अधिकारी नहीं देते इस ओर ध्यान**

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य एवं पेय पदार्थ एमआरपी से अधिक दाम पर बेंचे जा रहे है। जिसकी जानकारी संबंधित विभाग के साथ स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को है। लेकिन वह क्षेत्र का दौरा यदा-कदा ही करते है। केवल खाना पुर्ति की कार्यवाही कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रहे है। जिससे दुकानदारों में किसी प्रकार का कोई भय नही रह गया है।

## एक नजर में

### आयंबिल तप आराधिका अरुणप्रभाश्री मसा का नगर प्रवेश



**रतलाम।** श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय आयंबिल तप आराधिका तप चक्रेश्वरी अरुणप्रभाश्री जी म.सा, शतावधानी गुरुकीर्ति मसा, बाल साध्वी गुरू निधि मसा, तपज्योति अरुणकीर्ति जी मसा आदि ठाना 04 नागपुर से ऐतिहासिक चातुर्मास सम्पन्न करके रतलाम नगर में दी वे 19 अप्रेल को पधार रहे है। आपका वर्ष 2022 का रतलाम नगर का ऐतिहासिक चातुर्मास हम सब के मस्तिष्क पटल पर अंकित है। 19 अप्रैल रविवार को महासती जी बाजनखेड़ा से रतलाम नीमचौक स्थानक पर पधारेंगे । श्रीसंघ ने समस्त श्रावक श्राविकाएं, युवा और बच्चे उनकी अगवानी करने का आव्हान किया है। रविवार सुबह ठीक 7.15 पर महासतिया जी की अगवानी नगर निगम चौराहे पर की जाएगी । ज्ञात रहे कि महासतीजी के कल लगातार 472 आयम्बिल होने वाले है । मीडिया प्रभारी निलेश बाफना ने बताया की कितना अद्भुत समागम देखने के आप साक्षी बनेंगे क्योंकि दृढ़ संयमी मालव कीर्ति कीर्तिसुधा मसा आदि ठाना 04 नीमचौक में विराजमान है उनके प्रवचन प्रात: 09 से 10 बजे तक लगातार चल रहे है। दो महान सतियों का मिलन समागम होगा।

### चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में प्रवचन, धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष पुरुषार्थ का बताया महत्व

**रतलाम।** शनिवार को स्टेशन रोड स्थित चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में पूज्य मुनिश्री निर्णय सागर जी मसा. ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति है। इसके लिए समता, संयम और सदाचार का पालन अत्यंत आवश्यक है। मुनिश्री ने कहा कि संसार में भौतिक सुख क्षणिक हैं, जबकि आत्मिक शांति और आनंद स्थायी होते हैं। व्यक्ति को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे कषायों का त्याग कर सादगी एवं साधना का मार्ग अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सही आहार-विहार, मर्यादित जीवनशैली और नियमित साधना से मन और शरीर दोनों शुद्ध होते हैं। प्रवचन में मुनिश्री ने पुरुषार्थ के महत्व को समझाते हुए कहा कि मनुष्य को निरंतर पुरुषार्थ करते रहना चाहिए। पुरुषार्थ चार प्रकार के होते हैं—धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। धर्म के लिए किया गया कार्य धर्म पुरुषार्थ, आजीविका हेतु किया गया प्रयास अर्थ पुरुषार्थ, संतानोत्पत्ति एवं पालन-पोषण काम पुरुषार्थ तथा साधना, तपस्या और मंत्र-जप द्वारा आत्मा को मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करना मोक्ष पुरुषार्थ है। उन्होंने कहा कि जैसा कर्म किया जाता है, वैसा ही फल प्राप्त होता है। शुभ भाव और शुभ योग से शुभ पुण्यो का उदय होता है, जबकि अशुभ भाव से पाप का जन्म होता है, इसलिए व्यक्ति को सदैव पुण्य बढ़ाने और पाप कर्मों का त्याग करने का प्रयास करना चाहिए। मुनिश्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि कौन रखता है अंधेरे के साथियों को, सुबह होते ही उसे बुझा दिया जाता हैं, जबकि किए गए उपकार को सज्जन व्यक्ति ही स्मरण रखते हैं। उन्होंने 'ब्रेकफास्ट' का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि उपवास में जो विराम लगता है, वही ब्रेकफास्ट है। रात्रि में भोजन से बचते हुए शरीर को लगभग 12 घंटे का विश्राम देना चाहिए, जिससे स्वास्थ्य और सक्रियता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मार्ग में दिगंबर मुनि के दर्शन शुभ संकेत होते हैं और सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन सायंकाल शंका समाधान कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### राजेश अरोड़ा को जिला प्रमुख, नारायण पोरवाल तहसील प्रमुख नियुक्त



**जावरा।** सीताराम बाग में जनहित संघ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनहित संघ के संस्थापक एडवोकेट सुरेशचंद्र शर्मा ने मार्गदर्शक पेंटर प्रदीप चौधरी व संघ उपप्रमुख दिनेश पेमाल की अनुशंसा से संस्था के पदाधिकारियों की नियुक्ति की। इसमें रतलाम जिला प्रमुख पद पर राजेश अरोड़ा व जावरा तहसील प्रमुख पद पर नारायण पोरवाल को नियुक्त किया। इसी तरह मामटखेडा ग्राम प्रमुख सतीश गुजराती एडवोकेट उपसरपंच, झालवा ग्राम प्रमुख एडवोकेट जीवन प्रजापत, सादाखेडी ग्राम प्रमुख निजाम शाह एडवोकेट, कालूखेड़ा ग्राम प्रमुख मुकेशनाथ पत्रकार, भैंसाना ग्राम प्रमुख सरपंच पूजा पासी केथवास, सोहनगढ ग्राम प्रमुख चंद्रशेखर शर्मा, मचून ग्राम प्रमुख गोपाल शर्मा, हरियाखेड़ा ग्राम प्रमुख राहुल पाटीदार, माऊखेडी ग्राम प्रमुख प्रभुलाल सालवी को नियुक्त किया। संघ संस्थापक एडवोकेट शर्मा ने कहा सबसे पहले हम शासन की योजनाओं से वंचित जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाएंगे। जो बहने लाड़ली बहना से छुट गई उन्हें इसका लाभ मिलेगा। ऐसे लोगों की सूची बनाएंगे जो पात्र होने के बावजूद योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे। मुख्यमंत्री तक उनकी आवाज पहुंचाई जाएगी। आवश्यक हुआ तो धरना प्रदर्शन भी करेंगे। इस अवसर पर नवीन पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया।

# निगम सम्मेलन में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' प्रस्ताव पारित, महापौर का निंदा प्रस्ताव भी बहुमत से मंजूर

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नगर पालिक निगम के विशेष सम्मेलन में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से संबंधित प्रस्ताव को बहुमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा प्रस्तुत निंदा प्रस्ताव भी सदन में बहुमत के आधार पर स्वीकृत हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने की।

सम्मेलन की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा का दौर शुरू हुआ। नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा द्वारा एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें वर्ष 2023 में पारित प्रस्ताव को स्वीकृति देने, जातिगत जनगणना 2027 के बाद ही महिला आरक्षण का प्रतिशत तय करने तथा जनगणना के पश्चात ही परिसीमन की प्रक्रिया किए जाने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसे अस्वीकृत कर दिया गया।

इसके बाद महापौर प्रहलाद पटेल ने निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से संबंधित संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित नहीं हो सका, जो देश की आधी आबादी के अधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पारित नहीं होने से महिलाओं की अपेक्षाओं को ठेस पहुंची है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों ने सकारात्मक भूमिका नहीं निभाई।

महापौर ने अपने वक्तव्य में आरोप लगाया कि कांग्रेस दल द्वारा 'नारी शक्ति वंदन' के मुद्दे पर अपेक्षित समर्थन नहीं दिया गया, जिससे यह विधेयक पारित नहीं हो सका। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से महिलाओं के सशक्तिकरण और पर्याप्त प्रतिनिधित्व के लिए रचनात्मक सहयोग की अपील की।

सम्मेलन में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा भी एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिस पर विस्तृत चर्चा हुई। हालांकि, चर्चा के बाद उस प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। इसके पश्चात सदन में बहुमत के आधार पर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से संबंधित प्रस्ताव तथा महापौर द्वारा प्रस्तुत निंदा प्रस्ताव पारित कर दिए गए।

सम्मेलन के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, महापौर परिषद सदस्य विशाल शर्मा, श्रीमती अनिता कटारा, श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित कई पार्षदों ने अपने विचार रखे। महिला पार्षदों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी पर जोर दिया।

अंत में निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा लोकतंत्र को मजबूत बनाती है और समाज के सभी वर्गों के हितों को आगे बढ़ाने में सहायक होती है।

## नारी शक्ति वंदन पखवाडा आयोजन किया

**जावरा।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना जावरा ग्रामीण-शहर में नारी शक्ति वंदन पखवाडा अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों के अध्यक्ष/ सचिव, आंगनवाडी कार्यकर्ता व महिलाओं की उपस्थिति में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन जनपद सभागृह जावरा में आयोजित किया गया। नारी शक्ति वंदन पखवाडा अन्तर्गत महिला संगोष्टी एवं सेमीनार का आयोजन मुख्य अतिथि चेयरमेन यातायात परिवहन नगर पालिका कविता अनीस कल्याणे के आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देन में श्रीमती अंकिता पाटीदार परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना जावरा ग्रामीण आदि मोजूद रहे।

## परशुराम जयंती की रैली का किया स्वागत



**रतलाम।** परशुराम जयंती के उपलक्ष्य मे श्री परशुराम युवा मंच के द्वारा निकाली गई वाहन रैली का जिला भाजपा कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। रैली मे शामिल युवाओं ने " जय परशुराम का उद्घोष कर अभिवादन किया। रैली मे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए। रैली का स्वागत के दौरान जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़ , जुबीन जैन, जिला कोशाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, सोना शर्मा, संदीप मौर्य, मयंक भाटी,अक्षय संघवी सहित पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सायबर जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**रतलाम।** एसपी अमित कुमार द्वारा बढ़ते सायबर अपराधों एवं सायबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने हेतु राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं जिला सायबर सेल को संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी सायबर सेल टीम द्वारा समता इंटरनेशनल स्कूल सागोद रोड में सायबर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक के संदेश के साथ सेमिनार की शुरुआत की गई। सायबर सेल के उप निरीक्षक जीवन बारिया द्वारा पुलिस अधीक्षक के संदेश का वाचन किया गया। उनि जीवन बारिया ने घटित होने वाले विभिन्न प्रकार सायबर अपराधों के बारे जागरूक किया।

# बैंक-एटीएम सुरक्षा पर पुलिस सख्त, जिले में विशेष अभियान

**संयुक्त बैठक में दिए सख्त निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में बैंक और एटीएम केंद्रों की सुरक्षा को लेकर रतलाम पुलिस ने व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया। संभावित चोरी और लूट की घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में बैंक शाखाओं और एटीएम की सघन जांच की। इस अभियान के साथ ही बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने जिलेभर के बैंक और एटीएम केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने खासतौर पर सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और रिकॉर्डिंग सिस्टम को परखा, ताकि किसी भी घटना की स्थिति में साक्ष्य उपलब्ध रह सके। इसके अलावा सुरक्षा गार्डों की तैनाती और उनकी सतर्कता का परीक्षण किया गया। कई स्थानों पर अलार्म सिस्टम की स्थिति भी जांची गई, ताकि आपात स्थिति में तत्काल सूचना प्रसारित हो सके। पुलिस ने बैंक परिसर के प्रवेश और निकास बिंदुओं की सुरक्षा व्यवस्था का भी मूल्यांकन किया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा गार्डों और बैंक कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि बीट अधिकारी नियमित रूप से बैंक और एटीएम केंद्रों का निरीक्षण कर रजिस्टर में प्रविष्टि करें, जिसकी निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

इसी क्रम में पुलिस कंट्रोल रूम पर बैंक प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में शहर की विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जहां बैंक और एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी बैंक शाखाओं में सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम और सुरक्षा गार्ड अनिवार्य रूप से सक्रिय स्थिति में होना चाहिए। इसके साथ ही बैंक प्रबंधन को निर्देश दिए गए कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस के साथ साझा करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस और बैंक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## सीएम कन्यादान विवाह योजना में 167 जोड़े बंधेंगे विवाह बंधन में

**रतलाम।** रतलाम जिले के ग्राम कुण्डाल मे 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना अंतर्गत रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के 167 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। जिले में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह कार्यक्रम रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर द्वारा प्रशासनिक अमले के सहयोग से करवाई जा रही है। उक्त विवाह समारोह मे मध्यप्रदेश सरकार कि प्रोत्साहन राशी के अलावा कन्यादान स्वरुप 7 घरेलु आवश्यकता के बर्तन भी विधायक मथुरालाल डामर द्वारा प्रदान किए जाएंगे साथ ही भोजन की व्यवस्था स्वयं के व्यय से प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 10000 लोगों के शामिल होने का अनुमान है ।

# हम्माली के पैसे बढ़ाने की बात को लेकर गेहूं व्यापारी के साथ मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** हम्माली के पैसे बढ़ाने की बात को लेकर एक हम्माल ने गेहूं व्यापारी के साथ मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद कुछ व्यापारियों के बीच बचाव के बाद व्यापारी की जान बची। मारपीट की इस घटना के बाद बड़ी संख्या में व्यापारी औघोगिक थाना पहुंचे और हम्माल के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

पुलिस ने हम्माल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गेहूं व्यापारी पवन पाटनी ने बताया कि शनिवार को दोपहर करीब 15.30 बजे अरनीया पिथा मंडी मे खाद्यान जोन मे गैहु खरीदी कर रहा था, तो वहा मंडी मे कार्यरत हम्माल जाहीद मेवाती निवासी जावरा आया व मुझे बोला कि मेरे हम्माली के पैसे क्यो नही बढा रहे हो। मैने बोला कि मेरी जमादार से बात हो गई है।

जब सबके पैसे बढेगे तो मै भी पैसे बढा दुंगा। यह बात सुन जाहिद बोला कि अभी मेरे साथ चलो, मेरे सामने बात करो, वरना मैं मंडी कि व्यवस्था बिगाड ढुंगा। इस पर पवन पाटनी जाहिद के साथ जमादार सादिक के पास आए और बोला कि सादीक भाई आपसे मेरी बात हो गयी है, जब सबके पैसे बढेगे तो आपके भी बढ जाएगे।

इतने मै जाहिद चिल्ला चोट कर पवन को माँ बहन कि अश्लील गालिया देने लगा, गाली देने से मना किया तो उसने अपने हाथ मे लिये बोरी उठाने के हेकडिया व लात घुसो से पवन पाटनी के साथ मारपीट करने लगा।

जिससे पवन के मुँह, गाल व कंधे पर चोट आई है। मौके पर सादीक पिता सामीर खा निवासी बरगढ फंटा लुहारी व शशांक अग्रवाल पिता कैलाशचन्द्र अग्रवाल व निरज पिता नाथुलाल ने आकर बीच बचाव किया तो जाहिद जाते जाते बोला कि आज तो छोड़ रहा हु अगर पैसे नही बढाये तो जान से मार दूंगा।

**एक नजर में** — सैलाना सरोकार ग्रुप ने 'जल सेवा अभियान' की संभाली कमान'

# भीषण गर्मी में जल ही जीवन है, का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** परोपकार और जनसेवा की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सैलाना सरोकार ग्रुप द्वारा 'जल सेवा अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पहल की शुरुआत उत्साह और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ की गई।

जल सेवा अभियान का शुभारंभ चैतन्य हनुमान मंदिर पर जितेन्द्रसिंह राठौर, मनोज भंडारी, संजय बाफना, संतोष धबाई, सुशील पटेल ने पूजन कर किया। इसके पश्चात जल सेवा में उपयोग होने वाले टैंकर का पूजन वरिष्ठ नागरिक दयानंद पाठक,नवनियुक्त एल्डरमैन नाथुलाल राठौड़, दिनेश आसरा, ललित कसेरा, मनीष सोनी व प्रशान्त मांडोत ने किया। सेवाकार्य प्रमुख बाबूलाल पाटीदार ने सभी से इस पुनीत कार्य में सहयोग देने की अपील की ओर बताया कि इस पहल के पीछे सोशल मीडिया पर उठी एक छोटी सी मांग ने बड़ा रूप ले लिया। दरअसल, प्याऊ एवं जल मंदिरों में पानी की व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा के दौरान नगर परिषद सैलाना के अधिकारियों द्वारा पानी उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई गई थी। इसके बाद सैलाना सरोकार ग्रुप ने जिम्मेदारी उठाते हुए स्वयं आगे बढ़कर इस सेवा कार्य का बीड़ा उठाया।

इस दौरान सर्वप्रथम सैलाना पुलिस थाना द्वारा संचालित प्याऊ का उद्घाटन थाना प्रभारी पिंकी आकाश की उपस्थिति में किया गया। ग्रुप के सदस्यों ने नगर के विभिन्न संस्थानों द्वारा संचालित जल मंदिरों और प्याऊ स्थलों पर पहुंचकर टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की।

सैलाना सरोकार के इंद्रेश चंडालिया ने बताया कि आज के समय में जहां सोशल मीडिया को अक्सर फिजूल और अनावश्यक बातों का माध्यम माना जाता है, वहीं कभी-कभी यही प्लेटफॉर्म सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा भी बनता है। इसी प्रेरणा से यह जनसेवा का कार्य प्रारंभ हुआ है।

ग्रुप के सदस्य हरीश सिलावट ने एक छोटी सी पहल पर नगर के समाजसेवी कार्यकर्ताओ के सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुनीलराज शर्मा, भंवर सिलावट, नंदकिशोर राठौड़, बुरहान लुकमानी, कृष्णा मालवीय, सुरेन्द्र मेहता, सौरभ रांका, अंजिल चंडालिया, प्रमोद भंडारी, प्रशांत दवे, राजेन्द्र सोलंकी, निर्मल कोठारी, पंकज चंडालिया, कांतिलाल पाटीदार उपस्थित रहे।